प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
पंतनगर ने मनायी गयी गांधी एवं शास्त्री जयंती

पंतनगर। 2 अक्टूबर 2022। पंतनगर विश्वविद्यालय ने आज भारत की दो महान विभूतियों, मोहनदास करमचन्द गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री, की जयंती पर उनको याद किया। गांधी मैदान में कार्यवाहक कुलपति के रूप में अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, डा. एस.के. कश्यप तथा सभी अधिष्ठाता, निदेशक एवं शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने गांधी जी की प्रतिमा को फूलमाला पहनायी एवं पुष्पांजली अर्पित कीं। इस अवसर पर डा. एस.के. कश्यप ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की कही हुई बातों एवं उनके आदर्शों को विश्वविद्यालय एवं शिक्षण के साथ–साथ व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक बताया तथा गांधी जी के अहिंसा, सत्य, सत्याग्रह, विनम्रता, अहिंसा परमो धर्मः, जैसे शब्दों की भावनाओं का आज भी उतना ही महत्व बताया जितना पहले कभी था। डा. कश्यप ने शास्त्री जी के जय जवान जय किसान नारों को याद किया एवं देश को आगे बढ़ाने में पंतनगर विश्वविद्यालय के योगदान की बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी इन महापुरूषों द्वारा बताये गये मार्गों पर चले और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर गांधी जी व शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते कार्यवाहक कुलपति के रूप में अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, डा. एस.के. कश्यप।